भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3759
जिसका उत्तर 11 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है।
20 अग्रहायण, 1941 (शक)

आईटी कंपनियां

3759. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर :
श्री परबतभाई सवाभाई पटेल :
श्री नारणभाई काछड़िया :
श्री प्रदीप कुमार सिंह :
श्रीमती गीताबेन वी. राठवा :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में गुजरात और बिहार सहित देश में कार्यरत पंजीकृत सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) आईटी क्षेत्र में कार्यरत ऐसी कंपनियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रतिशत क्या है जो पंजीकृत नहीं हैं;

(ग) क्या इससे हुई राजस्व-हानि के संबंध में सरकार द्वारा कोई आकलन किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

(क) : कारपोरेट कार्य मंत्रालय के अनुसार, आज की तारीख में देश में कार्यशील पंजीकृत सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कम्पनियों की कुल संख्या 31922 है। गुजरात और बिहार सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) : सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में बिना पंजीकरण के कार्यरत कम्पनियों के संबंध में सरकार के पास कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) और (घ) : ये प्रश्न ही नहीं उठते हैं।

****

अनुबंध

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**कम्पनियों की संख्या**
1.	आंध्र प्रदेश	619
2.	असम	47
3.	बिहार	174
4.	चंडीगढ़	367
5.	छत्तीसगढ़	73
6.	दादर नगर हवेली	2
7.	दमन और दीव	2
8.	दिल्ली	5139
9.	गोवा	78
10.	गुजरात	1490
11.	हरियाणा	814
12.	हिमाचल प्रदेश	64
13.	जम्मू और कश्मीर	55
14.	झारखंड	86
15.	कर्नाटक	4624
16.	केरल	1235
17.	मध्य प्रदेश	614
18.	महाराष्ट्र	5951
19.	मणिपुर	3
20.	मेघालय	4
21.	मिजोरम	1
22.	नागालैंड	2
23.	ओडिशा	367
24.	पांडिचेरी	47
25.	पंजाब	370
26.	राजस्थान	732
27.	तमिलनाडु	2955
28.	तेलंगाना	3507
29.	त्रिपुरा	7
30.	उत्तर प्रदेश	1239
31.	उत्तराखंड	108
32.	पश्चिम बंगाल	1146
	कुल	**31922**

*****